Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 मई, 2022

राजीव कुमार

15 मई, 2022 से वर्तमान चुनाव आयुक्त **राजीव कुमार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC)** के रूप में कार्यभार संभालेंगे। यह मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा (CEC) की जगह लेंगे। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 (2) के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। राजीव कुमार बिहार/झारखंड कैडर के 1984 बैच के सेवानिवृत्त IAS अधिकारी हैं। वह फरवरी, 2020 में IAS से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI), SBI और नाबार्ड के केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में कार्य किया है, साथ ही उन्होंने कई बोर्डों और समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। उन्हें अप्रैल 2020 में सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 1 सितंबर, 2020 से राजीव कुमार चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। [भारत निर्वाचन आयोग](#) (Election Commission of India- ECI) भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के संचालन के लिये एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण (Constitutional Authority) है। यह भारत में लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनावों का संचालन करता है। **भारतीय संविधान का भाग XV (अनुच्छेद 324-329)** चुनावों से संबंधित हैं, जो इनसे संबंधित मामलों के लिये एक अलग आयोग की स्थापना करता है।

स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर

हाल ही में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) और यूएई के डीपी वर्ल्ड के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए हैं ताकि वाराणसी, उत्तर प्रदेश में एक स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर विकसित किया जा सके। बंदरगाह संचालन, लॉजिस्टिक्स और संबद्ध क्षेत्रों में विदेशी रोज़गार के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिये भारत के युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर्स का उद्देश्य भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। ये केंद्र प्रशिक्षण सुविधाओं की मेज़बानी करेंगे जो कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) क्षेत्र जैसे देशों में स्थित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय नियोक्ताओं की मांग के अनुसार देश के युवाओं को कौशल प्रदान करेंगे। इन केंद्रों में विदेशी नियोक्ताओं और साझेदार संगठनों का एक विस्तृत नेटवर्क होगा जो प्रमाणित एवं कुशल कार्यबल की आपूर्ति को सुविधाजनक बनाने में मददगार साबित होगा तथा विदेशी बाज़ारों में भारतीय कार्यबल की मांग बढ़ाने के लिये भागीदार संगठन NSDC के साथ मिलकर कार्य करेंगे। खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) एक राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और क्षेत्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना 1981 में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात के बीच संपन्न एक समझौते के माध्यम से की गई थी। ध्यातव्य है कि भौगोलिक निकटता, इस्लाम आधारित समान राजनीतिक प्रणाली और सामान्य उद्देश्य के कारण इन सभी देशों के बीच एक विशिष्ट संबंध मौजूद है।

जैविक कचरे से चलने वाला पहला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन

महाराष्ट्र के पर्यावरण और पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे द्वारा**जैविक कचरे से चलने वाला भारत का पहला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन केशवराव खड़े मार्ग, मुंबई** में किया गया है। जैविक कचरे से चलने वाले इस चार्जिंग स्टेशन को**एयरोकेयर क्लीन एनर्जी** और **बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC)** के वार्ड डी द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र से 220 यूनिट ऊर्जा उत्पन्न होती है और यह स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जा प्रदान करता है। इसे वर्ष 2021 में बिजली उत्पन्न करने के लिये स्थापित किया गया था। अब यह प्लांट ईवी चार्जिंग स्टेशन के रूप में भी कार्य करेगा। ईवी मालिकों को उचित मूल्य पर चार्जिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्लांट रोजाना करीब 80 से 110 क्यूबिक मीटर गैस भी उत्पन्न कर सकता है। इलेक्ट्रिक वाहन आंतरिक दहन इंजन के बजाय इलेक्ट्रिक मोटर से संचालित होते हैं और इनमें ईंधन टैंक के बजाय बैटरी लगी होती है। सामान्य तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों की परिचालन लागत कम होती है, क्योंकि इनकी संचालन प्रक्रिया सरल होती है और ये पर्यावरण के लिये भी अनुकूल होते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-may-2022